तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार, 22 सितंबर 2024

[ बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट ]

13 शासकीय पॉलीटेक्निक बेरला में हुआ अंतरिक्ष...



14 स्वच्छता ही सेवा अभियान, सार्वजनिक क्षेत्रों के साथ...



## खबर संक्षेप

### राज्यस्तरीय कबड्डी के लिए सिद्धांत का चयन

**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहंदीपाट के छात्र और ग्राम गोडेला निवासी सिद्धांत साहू का चयन राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। दुर्ग संभाग से अंडर 17 के लिए उनका चयन हुआ है। सिद्धांत बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने 20 सितंबर को रवाना हुए। सिद्धांत के साथ ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राहुद के छात्र समीर कोसरे का भी चयन राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता हुआ है। इनकी उपलब्धि पर उनके माता लेमिन साहू पिता भोज साहू अर्चना चौरे प्रभारी प्राचार्य महेश यादव व्यायाम शिक्षक राहुद भोजेन्द्र चंद्राकार व्यायाम शिक्षक मोहंदीपाठ चंद्रहास साहू सहित ग्रामीणों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### शराब की अवैध बिक्री करते युवक पकड़ाया

**बालोद।** शहर में शराब की अवैध बिक्री फिर से जोरों पर हो रही है। कोतवाली पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 18 नग देशी पौवा जब्त कर धारा 34(1) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर के वार्ड क्रमांक 6 महावीर स्कूल के पीछे पाण्डेपारा निवासी शुभम देवांगन आमापारा के बरगद झाड़ के पास शराब की अवैध बिक्री कर रहा था। इसकी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री कर रहे शुभम को गिरफ्तार किया।

### ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ की बैठक आज

**गुरूर।** ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ की बैठक 22 सितंबर को ग्राम पंचायत कोलियामार में सुबह 11 बजे रखी गई है। ब्लाक अध्यक्ष जोहर लाल साहू, परमानंद देवदास ने बताया कि बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### बालोद में होगी अंतर महाविद्यालय क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता

**बालोद।** उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में अंतर महाविद्यालय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन होगा। शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद के क्रीड़ा अधिकारी मनीष टोप्पो के पहल पर हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी दुर्ग ने बालोद को क्रॉस कंट्री दौड़ का दायित्व सौंपा। इसके तहत पहली बार बालोद जिले मे 10 किलोमीटर क्रास कंट्री दौड़ का आयोजन किया जाएगा। दौड़ में बेमेतरा, दुर्ग, कवर्धा, राजनांदगांव, अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़ एवं बालोद जिले के महाविद्यालय के सैकड़ों पुरुष, महिला धावक भाग लेंगे।

## विरोध : बंद को सफल बनाने सुबह से ही घूमते रहे कांग्रेस कार्यकर्ता

# कानून व्यवस्था की दुहाई देते कांग्रेस ने कराया बंद, मुख्यालय में कम, अंचल में ज्यादा असर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ दोपहर बाद खुल गए व्यावसायिक प्रतिष्ठान

हाल में कबीरधाम जिले के लोहारीडीह गाँव में हुई आपसी-संघर्ष, हिंसा व पुलिस हिरासत में हुई युवक की मौत को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर कानून व्यवस्था बनाए रखने में नाकाम रहने का आरोप लगाते हुए बंद का आह्वान किया। हालांकि बेमेतरा जिला मुख्यालय में बंद का आंशिक असर रहा, वहीं जिले के अन्य नगरीय इलाकों से लेकर ग्रामीण अंचलों तक प्रदेशव्यापी बन्द का असर देखने को मिला। इस दौरान चिकित्सका व जरूरी व्यवस्था सहित आपातकालीन सुविधाएं संचालित रहीं। छत्तीसगढ़ बन्द का प्रभाव सुबह 6 बजे से लेकर दोपहर 02 बजे तक दिखाई पड़ा। इस दौरान समूचे बेमेतरा ज़िलेभर में पूरी तरह शान्ति व्यवस्था कायम रही। कांग्रेस के जिम्मेदार पदाधिकारियों द्वारा इस दौरान समय-समय पर बन्द की मॉनिटरिंग भी की गई। सूचना स्वरूप एक दिन पहले ही व्यापरियों से अनुरोध कर व्यापारिक एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानें बन्द कर सहयोग मांगा था। जिसका सभी क्षेत्रों में पालन किया गया। भाजपा ने इसे कांग्रेस की नीतिगत राजनीति का हवाला दिया, जिससे कहीं-कहीं मिला जुला असर दिखा। ज़िले के नगरीय इलाकों में नवागढ़, थानखम्हरिया, बेरला, नांदघाट, साजा, दाढ़ी, देवरबीजा, भिम्भौरी, देवकर, परपोड़ी, कुसमी, खंडसरा, मारो, सम्बलपुर, चन्दनू, ठेलका, बोरतरा, कारेसरा, आंनदगाँव, हसदा, सरदा, कोदवा, मोहगांव, छिरहा, कठिया-रांका सहित समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में भी छत्तीसगढ़ बन्द का व्यापक प्रभाव देखने को मिला।

**साहू समाज ने किया गृहमंत्री का पुतला दहन-** जिला मुख्यालय में साहू समाज ने गृह मंत्री विजय शर्मा का पुतला फूंककर अपना विरोध जताया। इस दौरान गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की गई। पुतला दहन साहू समाज के हरीश साहू के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू, शत्रुघ्न साहू सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### दाढ़ी नगर में दिखा बंद का असर

**दाढ़ी।** कबीरधाम जिले के जंगल रेंगाखार थाना क्षेत्र के ग्राम लोहारीडीह में हुई आगजनी, हत्याकांड व पुलिस की हिरासत में आरोपी की मौत के मामले में शनिवार को कांग्रेस के बंद का आह्वान किया। इसका असर नगर पंचायत दाढ़ी में सुबह से दिखाई दिया। अधिकांश दुकानें बंद रहीं। इस दौरान इमरजेंसी सेवाओं को अलग रखा था। नगर पंचायत दाढ़ी के कांग्रेसी कार्यकर्ता नगर में घूम-घूम कर दुकानों को बंद कराते रहे। इस दौरान प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। हालांकि इसका असर नगर पंचायत दाढ़ी के भाजपा नेताओं पर नहीं पड़ा और उनकी दुकानें दिनभर खुली रहीं। बंद कराने जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त सचिव शिशिर दुबे, मनीष परिहार, कमलेश साहू अध्यक्ष दाढ़ी परिक्षेत्रीय साहू समाज, आयुष सिंह, छन्नू साहू, नारद चंद्राकर, राजू जायसवाल, अशोक साहू सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



# राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जिले में मुनगा के 38 हजार पौधे लगाए गए

## चलाया जा रहा है हर घर मुनगा, घर-घर मुनगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



राष्ट्रीय पोषण माह 2024 कार्यक्रम पूरे देश-प्रदेश में 1 से 30 सितंबर तक विशेष पोषण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिला बेमेतरा के जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया ने अभिनव पहल की है। जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं हितग्राहियों (गर्भवती महिला, शिशुवती महिला एवं कुपोषित बच्चे) और महतारी वंदन तथा सुकन्या समृद्धि योजनांतर्गत खाता खुलवाने वाली समस्त हितग्राहियों के घरों में हर घर मुनगा, घर-घर मुनगा' अभियान के तहत सुपोषण वृक्ष मुनगा (सहजन) के बीज, डालियों और पौधे वितरित किये गए तथा रोपण किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मुनगा की पत्तियों का उपयोग खिचड़ी, पराठा, रोटी, दाल, सब्जी आदि गर्म भोजन के रूप में कर रहे हैं, जिन्हें हितग्राहियों को दिया जाता है। जिला बेमेतरा के समस्त परियोजनाओं के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, कुपोषित बच्चों, एनीमिक व गर्भवती महिला तथा महतारी वंदन एवं सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत हितग्राहियों द्वारा 37948 मुनगा पौधों का रोपण किया गया। इसके साथ ही छात्रावास, स्कूल शिक्षा विभाग से सुपोषित आहार, कार्बोहाइड्रेट, वसा, प्रोटीन, विटामिन्स, स्वच्छता अंतर्गत हाथ धोएं 5 सूत्र के बारे बच्चों को जानकारी प्रदान कर प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। खाद्य विभाग जिले में संचालित सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से प्राप्त पोषक तत्वों से युक्त फोर्टिफाइड चावल (आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन बी-12) के लाभ के संबंध में हितग्राहियों को जानकारी दी गई।

### डीईओ ने निरीक्षण में पकड़ी गड़बड़ी



**बेमेतरा।** जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे एवं एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू ने बेरला ब्लॉक के अनेक स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया। आकस्मिक निरीक्षण में शासकीय हाई स्कूल कोदवा में सभी शिक्षक उपस्थित मिले। पढ़ाई भी संतोष जनक स्थिति में मिली। उसके बाद हायर सेकंडरी स्कूल परपोड़ा, मिडिल स्कूल परपोड़ा व हायर सेकंडरी स्कूल सोढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया। सभी स्कूलों में पढ़ाई पूरी तरह ठप रही। वहाँ टाइम टेबल का निर्माण नहीं हो पाया है। स्कूली बच्चे बाहर घूमते हुए नजर आए तथा खेलते हुए नजर आये। शिक्षक आराम करते मिले। बिना किसी सूचना के व आवेदन के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोढ़ के प्राचार्य दयाराम वर्मा, योगेंद्र कुमार वर्मा व निधि शर्मा स्कूल से नदारद मिले। तीनों का एक दिन का वेतन काटा गया है। अनुपस्थित सभी शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

# पितृ पक्ष में बढ़ी तरोई व उसके पत्तों की मांग, आसमान छू रही कीमत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




■ 20 रूपए में मिल रहे 4 पत्ते

पितृ पक्ष में तरोई और तरोई के पत्ते की मांग बढ़ जाती है। इसे देखते हुए तरोई के साथ ही उनके पत्तों की कीमत आसमान छूने लगी है। कोचिए तरोई के पत्ते को महंगे दाम पर बेच रहे हैं। जबकि, अन्य दिनों में इसे पत्ते को कोई पूछने वाला भी नहीं मिलता है, जिसे पितृ पक्ष में जरूरतमंद तीन से चार पत्तों को 10 से 20 रुपए में खरीदने को मजबूर हैं। वहीं, तरोई भी बाजार में 60 से 80 रुपए किलो तक बिक रही है। चूंकि पितृ पक्ष में तरोई और तरोई का पत्ता जरूरी होता है। इसके कारण अभी इसकी अचानक से मांग बढ़ गई है। इसका उत्पादन गांव कम होता है। इसलिए पत्ता अभी बाहर से आ रहा है। इसके कारण अभी 10 से 20 रुपए में केवल तीन पत्ते ही मिल रहा है। इसकी मांग केवल 15 दिन की है। इसके बाद तरोई के पत्ते फ्री मिलेगा तो भी कोई नहीं लेगा। क्योंकि यह और कोई काम आता ही नहीं है। खास बात यह है कि सुबह तरोई के पत्ते के लिए बाजार पसरा में लोगों की भीड़ लगी रहती है। कई बार तो मिलते भी नहीं हैं। लोगों को ऐसे ही काम चलाना पड़ रहा है। मांग बढ़ने के कारण कोचिया और अन्य सब्जी बिक्री करने वाले बाहर से पत्ता मंगा रहे हैं। गांव में जिस पत्ते की कोई कीमत नहीं, उसकी शहर में जबरदस्त मांग है। गांव के हर घर में तरोई के नार लगे रहते हैं। इसके कारण वहां इसकी कमी नहीं है, लेकिन शहर में इसकी कीमत बढ़ जाती है। अभी पितृ पक्ष की वजह से तो इसकी मांग इतनी बढ़ गई है कि कोचिया बाहर से लाकर भी पूरा नहीं पा रहे हैं। थोक व्यापारियों का कहना है कि पितृ पक्ष के कारण अचानक से तरोई और इसके पत्ते की मांग बढ़ी है। इसके कारण बाहर से मंगाना पड़ रहा है।



## खबर संक्षेप

### भ्रष्टाचार करें मंत्री और निलंबित हो तहसीलदार



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, तहसीलदारों के तबादला में लेनदेन का आरोप लगाने वाले तहसीलदार को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार मंत्री करें और निलंबन तहसीलदार का किया जाना बेहद ही दुर्भाग्य जनक है। भाजपा सरकार में कमीशनखोर, भ्रष्टाचारियों को संरक्षण मिलता है। जिस प्रकार से मोटी रकम लेकर तहसीलदारों के ट्रांसफर, नियम को ताक पर रख कर किया गया। ट्रांसफर पोस्टिंग में मंत्री की अवैध उगाही की पोल खुलने के बाद मंत्री को बचाने के लिए बेगुनाह और हक की आवाज उठाने वाले तहसीलदार को निलंबित किया गया है। श्री शुक्ला ने कहा, टंकराम वर्मा में नैतिकता होती, तो आरोप लगने के बाद पद से इस्तीफा देते और जब आरोप मुक्त हो जाते, तब वह मंत्री का पद ग्रहण करते।

### गुण्डाधूर और भंजदेव सम्मान के लिए आवेदन 25 तक

रायपुर। राज्य के सर्वोत्कृष्ट खिलाड़ियों से गुण्डाधूर और प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान वर्ष 2024-25 हेतु 25 सितंबर तक आवेदन निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किए गए हैं। खिलाड़ियों के निर्धारित प्रपत्र में आवेदन एवं अनुशंसा, संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम जीई रोड रायपुर अथवा खेल एवं युवा कल्याण के जिला कार्यालयों में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर प्रस्तुत किया जा सकता है। गुण्डाधूर सम्मान और प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान के लिए चयनित खिलाड़ियों को एक-एक लाख रुपए नकद, अलंकरण फलक, प्रशस्तिपत्र से सम्मानित किया जाएगा। आधिकारिक जानकारी एवं आवेदन की प्रक्रिया खेल विभाग की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

### निगम आयुक्त ने किया बूढ़ातालाब का निरीक्षण

**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त व रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेल के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने ऐतिहासिक बूढ़ा तालाब, स्वामी विवेकानंद सरोवर के रखरखाव, सौंदर्यीकरण व जल शुद्धिकरण से जुड़े प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण किया। इस दौरान श्री मिश्रा ने परिसर में मौजूदा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस पूरे परिसर का रखरखाव कर रही पर्यटन मंडल की एजेंसी एमएमटी वाटर स्पोर्ट्स लिमिटेड को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाओं का रीव्यू करें एवं बिजली, प्रकाश, प्रसाधन, सफाई व उपकरणों सहित परिसर के रखरखाव पर ध्यान दें एवं सुनिश्चित करें कि यहां आने वाले नागरिकों को किसी तरह की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल, ननि के अपर आयुक्त विनोद पांडेय, जोन-6 कमिश्नर रमेश जायसवाल, महाप्रबंधक (ई एंड टी) पीके पंचायती, डिप्टी मैनेजर अंशुल शर्मा समेत निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

### विकास मरकाम बोले- कांग्रेस खुद नक्सल समस्या की जननी और संरक्षक

**रायपुर।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता के बयान, जिसमें उन्होंने नक्सलवाद पर भाजपा को नाकाम बताने की कोशिश की थी, पर कहा, पहले तो कांग्रेस को नक्सलवाद पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है, क्योंकि ये खुद नक्सल समस्या की जननी और संरक्षक है। हर बार नक्सली कार्रवाई पर पहला विलाप कांग्रेसियों का ही आता है। इस बार प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा द्वारा नक्सल पीड़ित परिवारजनों को केंद्रीय गृहमंत्री से मिलवाने पर कांग्रेस के पेट में दर्द हो रहा है। श्री मरकाम ने बताया, 16 अप्रैल को सुरक्षा बलों के एक बड़े ऑपरेशन में कुख्यात नक्सली कमांडर समेत 29 दुर्दांत नक्सली ढेर हो जाते हैं, तब इनके नेता भूपेश बघेल सुरक्षा बलों की पीठ थपथपाने के बजाए कहते हैं, भाजपा शासनकाल में फर्जी नक्सली मुठभेड़ होती हैं। बीते चार महीनों के दौरान ऐसे मामले बढ़े हैं।

# शिक्षकों व ग्रामीणों की पहल से बदल रही शासकीय प्राथमिक शाला भरदाखुर्द की दशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद/कलंगपुर

विकासखण्ड गुण्डरदेही अंतर्गत ग्राम भरदाखुर्द में शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक महेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में शाला प्रबंधन समिति, शिक्षक स्टॉफ, पालकगण एवं ग्रामीणजनों की सहायता से शाला प्रांगण व शिक्षण कक्ष का दृश्य बदला–बदला सा नज़र आने लगा है।

बच्चों में शिक्षा के प्रति विशेष रुचि जागृत करने के लिए प्रधान पाठक महेन्द्र कुमार साहू व स्टॉफ ने पिछले सत्र 2023–24 में ही इसकी बुनियाद रख कार्य करना शुरू कर दिया था। समुदाय के लोगों से मिलना–जुलना, उन्हें विद्यालय के संबंध में जानकारी देना, उसके लिए तन–मन–धन से आशीर्वाद प्राप्त करना, समुदाय के लोगों को शाला की विभिन्न गतिविधियों में शामिल करना, जिससे प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से शिक्षक, पालक व बालक के मध्य नजदीकियाँ पनपने लगी हैं और शाला के सौंदर्यीकरण हेतु समुदाय से सहयोग के रूप में राशि भी आने लगी है। इससे लगभग पचास हजार रुपये की राशि इकट्ठी हो गई है। उक्त राशि का सदुपयोग कर शाला प्रांगण, शिक्षण कक्ष, आहाता पर सभी विषयों से संबंधित कलाकृति, वातावरण निर्माण कार्य किया गया। शाला भवन में कलाकृति निर्माण होने से बच्चों का चेहरा खिला–खिला सा नजर आ रहा है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीणजन भी अपने शाला भवन की सुंदरता देखकर हर्ष व्याप्त है।

## शिक्षा के लिए बच्चों को प्रेरित करने किए जा रहे विविध कार्य

### बच्चे पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों में भी ले रहे हिस्सा

शाला में कलाकृति निर्माण होने से हर्षोल्ल्लास के साथ बच्चे शाला में दस्तक देने लगे हैं और मन लगाकर अध्ययन कार्य व शाला की विभिन्न गतिविधियों में बढ़–चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। ग्रामीणजनों की दानशीलता व श्रमदान तथा शाला की सुंदरता से प्रभावित होकर आसपास के स्कूलों के शिक्षकों द्वारा भी इस प्रकार से सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं व कार्यरूप में परिणित भी किये जा रहे हैं। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एनके यादव, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्रद्धा ठाकुर व केआर साहू तथा संकुल समन्वयक सुरेश चन्द्राकर, सरपंच राजकुमारी साहू एवं शाला प्रबंधन समिति और ग्रामीणजनों ने प्रधानपाठक महेन्द्र कुमार साहू व शिक्षक स्टॉफ द्वारा किये जा रहे कार्य की प्रशंसा की।




## बीस बेड में विकसित होगा न्यू बोर्न बेबी के लिए आधुनिक सुविधाओं वाला वार्ड

# नवजातों की देखभाल के लिए पांच नए जिला अस्पतालों में विकसित होंगे एसएनसीयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नए जिलों में जन्म लेने वाले नवजातों को होने वाली किसी भी त्वरित शारीरिक समस्या के लिए पांच नए जिला के डिस्ट्रिक हास्पिटल में एसएनसीयू की सुविधा दी जाएगी। शिशु रोग विशेषज्ञ सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ की मौजूदगी में यहां आधुनिक सुविधाओं का वाला वार्ड बनाया जाएगा। इसके लिए पांचों नए जिलों से आधुनिक वार्ड बनाने स्थल चयन कर प्रस्ताव मांगा गया है।

सूत्रों के अनुसार जन्म लेने के दौरान बच्चों को कई बार गंभीर तरह की शारीरिक समस्या हो जाती है। इसका त्वरित और आधुनिक तरीके से उपचाार मिलने से होने वाली शिशु मृत्युदर को टाला जा सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए अस्तित्व में आए पांच नए जिले सारंगढ़-बिलाईगढ़, मोहला-मानपुर चौकी, भरतपुर-मनेन्द्रगढ़, खैरागढ़-छुईखदान तथा सक्ती जिले के डिस्ट्रिक हास्पिटल में एसएनसीयू बनाने की योजना पर काम शुरू किया गया है। सूत्रों के अनुसार इसके लिए इन जिलों से डिस्ट्रिक हास्पिटल अथवा उचित हेल्थ सेंटर को चिन्हित कर एसएनसीयू विकसित करने का प्रस्ताव मांगा गया है। योजना के तहत एसएनसीयू बीस बेड की सुविधाओं वाला आधुनिक वार्ड होगा। यहां जरूरी उपकरण रखे जाएंगे, जिससे आपात स्थिति में इलाज के लिए आने वाले शिशुओं को आवश्यक उपचार की सुविधा विकसित कराई जा सके। अधिकारियों के मुताबिक केंद्रीय गाइडलाइन के तहत सभी जिलों में इस विशेष एसएनसीयू होना आवश्यक है, जिसे ध्यान में रखकर भी इस योजना को पूरा किया जा रहा है। यहां इलाज के लिए आने वाले बच्चों के इलाज के लिए शिशु रोग चिकित्सक के साथ अन्य चिकित्सकीय स्टाफ को तैनात किया जाएगा। यहां व्यवस्था जिला स्तर पर पूरी की जाएगी।

## शिशु मृत्युदर में आएगी कमी



### कालीबाड़ी में काम कर रहा एसएनसीयू

रायपुर जिले में नवजात बच्चों की देखभाल और आवश्यक इलाज के लिए कालीबाड़ी और आंबेडकर अस्पताल में एसएनसीयू काम कर रहा है। दोनों स्थानों पर प्रसव के दौरान न्यू बोर्न बेबी को होने वाली किसी भी समस्या के इलाज के लिए इसका उपयोग किया जाता है। इस विशेष नवजात शिशु चिकित्सा इकाई (एसएनसीयू) में शिशुरोग विशेषज्ञों के साथ मेडिकल ऑफिसर और ट्रेंड नर्सिंग स्टाफ को तैनात किया जाता है।

### कोविडकाल के पीआईसीयू का भी होगा उपयोग

कोरोना की तीसरी लहर छोटे बच्चों के लिए घातक साबित होने की आशंका थी। इसे रोकने के लिए सभी जिला अस्पतालों में पीआईसीयू बनाए गए थे। सुविधा जुटाने के लिए सभी जिलों को बड़ा फंड दिया गया था। सूत्रों का कहना है, पीआईसीयू तो बन गए, मगर उनकी आवश्यकता नहीं पड़ी। तभी से यह आपात चिकित्सा इकाई बिना उपयोग के पड़ी है। आने वाले दिनों में इसका उपयोग बड़े बच्चों के इलाज के लिए किया जाए, इसके लिए काम शुरू किया जा रहा है।

### योजना पर चल रहा काम

एसएनसीयू के माध्यम से नवजात शिशुओं को आवश्यक उपचार प्रदान किया जाता है। इसका निर्माण सभी जिला अस्पतालों में किया जाना है, जिसमें नवगठित जिले शामिल हैं।

- डॉ. वीआर भगत,
नोडल अफसर,
शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम

# अमेरिका में अध्ययन यात्रा कर लौटे साव



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव अमेरिका के अध्ययन प्रवास के बाद शुक्रवार सुबह रायपुर पहुंचे। राजधानी वापसी पर स्वामी विवेकानंद विमानतल पर उनका भव्य और आत्मीय स्वागत किया गया।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बताया कि अमेरिका के अपनी अध्ययन यात्रा के दौरान उन्होंने पांच प्रमुख शहरों का भ्रमण कर सड़क निर्माण और सड़कों के रखरखाव की तकनीक, इनमें एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) के उपयोग और पुल-पुलियों के निर्माण को लेकर तकनीकी विशेषज्ञों से चर्चा की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह के साथ अमेरिका के बड़े-बड़े शहरों में निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाली तकनीकों का अध्ययन किया। श्री साव ने अमेरिका में निर्माण स्थलों और ग्रीन-फील्ड रोड का भी अवलोकन किया। उन्होंने अपनी यात्रा को काफी लाभदायक बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की परिस्थितियों में जिन तकनीकों का इस्तेमाल हो सकता है, उन्हें यहां जरूर लागू करेंगे। श्री साव अपने अध्ययन प्रवास के दौरान शिकागो में आयोजित भारतीय स्वदेशी मेले के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि अमेरिका यात्रा के दौरान सभी शहरों में भारतीयों और खासकर छत्तीसगढ़ के लोगों से बड़ी संख्या में मुलाकात और बात हुई। छत्तीसगढ़ के बहुत से लोग वहां रह रहे हैं और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। श्री साव ने बताया कि उन्होंने अमेरिका में रह रहे छत्तीसगढ़ के लोगों, भारत के अन्य प्रांतों के लोगों और अमेरिकी लोगों को छत्तीसगढ़ आकर प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक-पौराणिक महत्व के स्थलों को देखने तथा यहां की संस्कृति और सभ्यता को समझने के लिए आमंत्रित किया हूं।

# कला उत्सव में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन से मोहा मन

## सेजेस बेरला में किया गया विकासखंडस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा/बेरला

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा को पहचानने, उसे प्रेरित करने और शिक्षा में कला के महत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 2015 से कला उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकसित भारत वर्ष 2047 थीम पर यह कार्यक्रम विकास खंड स्तरीय कार्यक्रम सेजेस बेरला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगीत, गायन, एकल व समूह नृत्य, कहानी वाचन, त्रिआयामी दृश्यकला एवं चित्रकला सहित विभिन्न विधाओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड बेरला के विद्यालयों के 9 वी से 12 वी तक के विद्यार्थियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंडरका के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन कर जिला के लिए एकल नृत्य में तनु साहू, कहानी वाचन में लक्ष्मी चक्रधारी, चित्रकला में देवकुमार एवं दृश्यकला में हिमांशु चयनित हुए।




जिले के लिए समूह नृत्य में अंजू समूह सेजेस हसदा, समूह गायन एवं वादन समीर लेवेंद्र समूह सेजेस कुसमी, एकल वादन शिवम कठिया स्कूल में, एकल गायन छाया साहू सेजेस बेरला, नाटक में दिलेश समूह आनंदगांव का चयन हुआ।

**इन्होंने निभाई निर्णायक की भूमिका-** इस कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में पुष्पा नायक (व्याख्याता), अंशु मिश्रा एवं सुरभि साहू ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। मुख्य अतिथि विकास खंड शिक्षा अधिकारी जय प्रकाश करमाकर थे। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन कर जीवन में निरंतर बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में एबीईओ अधेश उइके, एसएस ठाकुर, बीआरसीसी खोमलाल साहू, वीके अग्रवाल, शाला समिति के अध्यक्ष अमृत माहेश्वरी, डॉ दीपक साहू, सुखनन्दन साव, यागवेंद्र डिक्सेना, मनोज शर्मा, किरण साहू एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# निकाय चुनाव : मतदाता सूची में नाम न दोहराएं, मृत लोगों के नाम हटाए जाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने स्थानीय निकायों के निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली प्रेक्षकों की ब्रीफिंग में कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता ही चुनाव की पारदर्शिता और निष्पक्षता का आधार है। यह सुनिश्चित किया जाए कि सूची में कोई नाम दोहराया न जाए, मृत व्यक्तियों के नाम हटाए जाएं और नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़े जाएं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन नामावली को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए आज विशेष ब्रीफिंग का आयोजन किया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य नामावली में संभावित त्रुटियों को दूर करना और सभी योग्य मतदाताओं के नाम सूची में दर्ज करना है ताकि चुनाव निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से आयोजित हो सके। आयुक्त अजय सिंह ने निर्धारित समय सीमा में मतदाता सूची शुद्ध एवं त्रुटि पूर्ण बनाने की निर्देश दिए। आयुक्त ने सभी प्रेक्षकों से कहा कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के विभिन्न चरणों में ईआरओ तथा एईआरओ द्वारा किए जा रहे कार्यों का समय पर निरीक्षण करते रहें और यदि आपको आवंटित जिले में पुनरीक्षण कार्यक्रम में किसी भी चरण में जिले में नियमों, निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है तो इसकी सूचना संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी तथा आयोग को तत्काल प्रदान कर समाधान प्राप्त करें।

### किनके नाम जोड़ना और हटाना है

ब्रीफिंग में निर्वाचक प्रेक्षकों को निर्वाचन प्रक्रिया में उनकी अहम भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रेक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे मतदाता सूची की जांच और सुधार प्रक्रिया में पूरी सतर्कता बरतें। यह सुनिश्चित किया जाए कि सूची में कोई नाम दोहराया न जाए, मृत व्यक्तियों के नाम हटाए जाएं, और नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़े जाएं। आयोग द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया की 1 जनवरी 2024 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाता का नाम सूची में आवश्यक रूप से जोड़ा जाए। तथा जिला स्तर पर इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

### सचिव ने कही ये बात

आयोग के सचिव डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने कहा कि जिला स्तर पर किसी भी प्रकार की समस्या आने पर राज्य निर्वाचन आयोग से संपर्क कर समाधान लिया जा सकता है। आयोग द्वारा जारी निर्देशों एवं निर्धारित प्रक्रिया का शत प्रतिशत पालन करें तथा किसी भी प्रकार की वाद विवाद की स्थिति निर्मित ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा दी गई जिम्मेदारी का गंभीरता पूर्वक पालन करें। इस अवसर पर राज्य निर्वाचन आयोग की उपसचिव डॉ. नेहा कपूर एवं आलोक श्रीवास्तव उपस्थित थे।

## अलग-अलग जिलों से आए थे अभ्यर्थी और उनके परिजन

# एसआई भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी और परिजन गृहमंत्री के बंगले के बाहर धरने पर बैठे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एसआई भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर अभ्यर्थी एक पखवाड़ा से ज्यादा समय से आंदोलन कर रहे हैं। एसआई भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी परिजन सैकड़ों की संख्या में गुरुवार को गृहमंत्री विजय शर्मा के निवास में घरना देने के लिए पहुंचे।

एसआई भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों के मुताबिक गृहमंत्री विजय शर्मा ने 20 दिन पूर्व उन्हें जल्द से जल्द रिजल्ट जारी करने का आश्वासन दिया था। गृहमंत्री के आश्वासन के बाद भी अब तक रिजल्ट जारी नहीं किया गया है। इसके चलते अभ्यर्थी निराश तथा हताश हैं और रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी है कि सरकार जल्द से जल्द रिजल्ट जारी नहीं करेगी, तो वे इसी तरह से धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे।




### तूता में प्रदर्शन जारी

एसआई भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी तूता स्थित धरना स्थल में आमरण अनशन के साथ भूख हड़ताल कर रहे हैं। तूता में पूर्व सैनिक एसआई अभ्यर्थी भीखम लाल साहू, जयमोहन प्रधान, श्रद्धा कर्ष के साथ 30 के करीब अभ्यर्थी आमरण अनशन कर रहे हैं। गौरतलब है कि एसआई भर्ती परीक्षा के दो दर्जन से ज्यादा अभ्यर्थियों ने पिछले दिनों मरीन ड्राइव में रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर मुंडन कराया था।

### तत्काल रिजल्ट जारी करने की मांग

अभ्यर्थियों के मुताबिक भर्ती प्रक्रिया पिछले छह वर्षों से चली आ रही है। इस पर बिलासपुर हाईकोर्ट ने 90 दिनों के भीतर रिजल्ट जारी करने आदेश दिया था, जिसकी समय सीमा नौ सितंबर को समाप्त हो गई। बावजूद इसके राज्य सरकार ने अब तक रिजल्ट जारी नहीं किया है। अभ्यर्थियों ने राज्य सरकार को आश्वासन देने के बजाय तत्काल रिजल्ट जारी करने की मांग की है।

### प्रदर्शनकारियों से मिलने पहुंचे गृहमंत्री

गृहमंत्री निवास के पास धरने पर बैठे एसआई भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों से मिलने गृहमंत्री विजय शर्मा पहुंचे। वहां उन्होंने अभ्यर्थियों से बात करते हुए जल्द से जल्द रिजल्ट जारी करने एक बार पुनः आश्वासन दिया। धरने पर बैठे अभ्यर्थियों ने गृहमंत्री को उनके पूर्व के बयान का हवाला देते हुए तत्काल रिजल्ट जारी करने की मांग पर अड़े रहे। अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी है कि सरकार जब तक एसआई भर्ती परीक्षा परिणाम जारी नहीं करती है, वो इसी तरह से शांतिपूर्वक आंदोलन जारी रखेंगे। अभ्यर्थियों के परिजनों ने अपने बच्चों के भविष्य का हवाला देते हुए गृहमंत्री से तत्काल रिजल्ट जारी करने की मांग की।

# पीएचई में इंजीनियर्स सहित 181 पदों पर भर्ती का रास्ता साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर वित्त विभाग ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में इंजीनियर्स सहित अन्य पदों पर भर्ती को मंजूरी दे दी है। इस फैसले से 181 रिक्त पदों पर भर्ती का रास्ता साफ हो गया है। नई भर्ती से विभाग के कामकाज की गुणवत्ता में सुधार के साथ पेयजल व्यवस्था भी बेहतर होगी।

पीएचई विभाग में उप अभियंता, अनुरेखक, सहायक ग्रेड-3 सहित विभिन्न रिक्त पदों को भरने के प्रस्ताव को वित्त विभाग से स्वीकृति मिल गई है। इसमें उप अभियंता (सिविल) के 118, उप अभियंता (विद्युत/यांत्रिकी) के 10, अनुरेखक के 37, सहायक ग्रेड-3 के 02, केमिस्ट के 12 और वाहन चालक के 02 पद शामिल हैं। बताया गया है कि नई भर्तियां न केवल विभाग की कार्यक्षमता को बढ़ाने में सहायक होगी, बल्कि इससे नागरिक सेवाओं में भी सुधार होगा एवं योजनाओं को निर्धारित समय में पूरा किया जा सकेगा। पेयजल की गुणवत्ता और आपूर्ति व्यवस्था भी बेहतर होगी। नल जल जैसी फ्लैगशिप योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो सकेगा और ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लोगों को निरंतर एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में सुगमता होगी।

## खबर संक्षेप

### सम्मान समारोह आज

**भिलाई।** शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छग द्वारा राज्य स्तदरीय सम्मान समारोह का आयोजन दुर्ग स्थित खालसा पब्लिक स्कूल मालवीय नगर चौक के पास आयोजित है। संस्थापक संजय कुमार मैथिल ने बताया कि समारोह के मुख्यअतिथि सांसद विजय बघेल होंगे। अध्यक्षता विधायक गजेन्द्र यादव करेगें। अतिविशिष्ट अतिथि के रुप में विधायक ललित चंद्राकर, रिकेश सेन, महामंत्री भाजयुमो महामंत्री उपकार चंद्राकर, अध्यक्ष उड़ान नई दिशा संस्था निधि चंद्राकर, अध्यक्ष लोधी समाज दुर्ग रवि सिंगौर होंगे। कार्यक्रम 22 सितंबर रविवार सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा।

### एससी-एसटी एम्प. एसो. इस्पात मंत्री से मिला



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र एससी एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने प्रतिनिधिमंडल ने इस्पात मंत्री को ज्ञापन सौंपा। मांग की कि सेल में डायरेक्टर के पद पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अधिकारियों की नियुक्ति नहीं हो सकी है इन वर्गों को भी प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए। उन्हें खराब ग्रेडिंग दी जाती है जिससे उनके पदोन्नति पर उनके कमजोर ग्रेडिंग का असर पड़ता है। ग्रेडिंग पर सुधारा जाए। बीएसपी में स्थानीय बेरोजगारों की भर्ती, सेल में अंबेडकर अवार्ड प्रदान करने की शुरुआत की जाए। इस पर सेल कॉरपोरेट ऑफिस ने सहर्ष सहमति दी है परंतु अभी तक इस पर कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई है। हमारी मांग है कि इस पर अमल करने हेतु निर्देशित किया जाए। अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के कर्मचारी व अधिकारियों को विदेश में शिक्षक प्रशिक्षण हेतु भेजा जाए व देश की संपत्ति का अंधाधुंध निजीकरण ना किया जाए। प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष श्री कोमल प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष चेतन लाल राणा, महासचिव विजय कुमार रात्रे उपाध्यक्ष वेद प्रकाश सूर्यवंशी शामिल थे।

### बीएसपी के ठेका श्रमिकों को दिवाली पूर्व 20 प्रतिशत मिले बोनस

**भिलाई।** स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के प्रतिनिधि मंडल ने भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक विकास चंद्रा को बीएसपी में कार्यरत ठेका श्रमिकों को दीपावली पूर्व न्यूनतम वेतन का 20% बोनस भुगतान के लिए निदेशक प्रभारी भिलाई इस्पात संयंत्र के नाम से ज्ञापन सौंपा। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय कुमार साहू ने महाप्रबंधक विकास चंद्रा से मांग की कि ठेका श्रमिक नियमित कर्मचारियों के साथ स्थाई प्रकृति के कार्यों से लेकर साफ सफाई तक के कार्य कर रहे हैं। श्रमिकों की संख्या नियमित कर्मचारियों से दुगना 22000 हो गई है एवं ठेका श्रमिक स्थाई प्रकृति के कार्य करते हुए सीधे उत्पादन एवं रखरखाव और लाभार्जन से जुड़े हैं उनकी सहभागिता को देखते हुए बोनस भुगतान अधिनियम 1965 के तहत अधिकतम 20% बोनस दीपावली पूर्व प्रदान किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए।

# टाउनशिप में दुर्गा पूजा पंडालों के लिए नियमानुसार बिजली कनेक्शन लें

## बीएसपी प्रबंधन ने आयोजकों से की अपील, कहा- अवैध बिजली कनेक्शन से दुर्घटना होने पर प्रबंधन की नहीं होगी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग ने बीएसपी टाउनशिप में नवरात्रि पर्व पर दुर्गोत्सव समितियों से दुर्गा पूजा पंडालों के लिए नियमानुसार ही बिजली कनेक्शन लेने की अपील की है। सुरक्षा का ध्यान रखते हुए अपील करते हुए चेताया है कि नियम विरुद्ध विरुद्ध बिजली कनेक्शन होने पर यदि किसी तरह की दुर्घटना होती है तो बीएसपी प्रबंधन की जिम्मेदारी नहीं होगी।

बीएसपी प्रबंधन द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया कि टाउनशिप विभिन्न स्थानों पर अनेक पूजा-पण्डालों का निर्माण किया जाता है। इन पूजा-पण्डालों में विद्युत का उपयोग करने के साथ-साथ सजावट के लिए सड़क मार्ग के ऊपर खंबे भी लगाए जाते हैं, जिससे गंभीर विद्युतीय दुर्घटना हो सकती है। दुर्गोत्सव कार्यक्रम आयोजकों से अपील की गई है कि वे विधिवत बिजली प्रदाय प्राप्त करने के लिए सिविक सेन्टर स्थित नगर सेवाएं विभाग के नगर विद्युत अभियांत्रिकी विभाग से आवश्यक विभागीय औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए अनुमति अवश्य प्राप्त करें। साथ ही निर्धारित बिजली शुल्क जमा कर अधिकृत विद्युत ठेकेदार द्वारा परीक्षण प्रपत्र प्रस्तुत करके ही विद्युत का सुरक्षित उपयोग करें। दुर्गोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पण्डालों में एकत्रित होते हैं तथा सड़क मार्ग से यात्रियों की आवाजाही हमेशा बनी रहती है। ऐसी परिस्थिति में अनियोजित विद्युतीय व्यवस्था के कारण कभी भी गंभीर विद्युतीय दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। बिजली की चोरी, दुरूपयोग अथवा असुरक्षित उपयोग से न केवल जानमाल की क्षति की आशंका बनी रहती है बल्कि संयंत्र को व्यापक पैमाने पर आर्थिक क्षति भी हो सकती है। इसलिए यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि अर्थिंग पिट और उसमें लगे अर्थिंग इलेक्ट्रोड ठीक से काम कर रहे हों। बिजली के तार ठीक से इंसुलेटेड हों और कहीं भी कटे या खुले न हों।




### बिजली चोरी पर होगी कार्रवाई

दुर्गा पंडालों में भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 के अनुसार सभी पर्याप्त सुरक्षा मानकों का पूरी तरह से पालन किया जाना चाहिए। बीएसपी प्रबंधन ने जारी विज्ञप्ति में अपील की है कि टॉउनशिप के सभी दुर्गा पूजा आयोजकों से अपील है कि वे नियमानुसार विद्युत का कनेक्शन लें और सुरक्षित व वैधानिक रूप से विद्युत का उपयोग करें। यह सुनिश्चित करें कि बिजली का व्यवसायिक उपयोग नहीं किया जा रहा है। विभाग को विद्युत प्रदाय के तारों में कटिया लगाकर बिजली चोरी की शिकायत मिलने पर पूजा- पण्डाल आयोजकों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। नियमानुसार विद्युत प्रयोग न करने की स्थिति में यदि किसी प्रकार की दुर्घटना होती है, तो इसके लिए भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन की कोई जिम्मेदारी नहीं होती है।

## सैकड़ों कर्मचारियों का भविष्य अधर में, कई सेवानिवृत्ति के हैं करीब

# आखिरकार बिक गया एफएसएनएल भिलाई निजी कंपनी ने मात्र 320 करोड़ में खरीदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आखिरकार फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड बिक गया। हर साल सौ करोड़ का प्राफिट देने वाली इस मेगा कंपनी को जापान की एक बहुराष्ट्रीय कंपनी को बेच दिया गया। एफएसएनएल कंपनी की संपत्ति करीबन एक हजार करोड़ है। इसे मात्र 320 करोड़ राशि में बेच गया है। केंद्र सरकार के इस कदम को कर्मचारी यूनियनों ने राष्ट्रहित के विरुद्ध करार देते हुए पुरजोर विरोध किया है।

उल्लेखनीय है कि एफएसएनएल के निजीकरण की प्रक्रिया पिछले साल भर चल रही थी। कर्मचारी, श्रमिक यूनियनों और अधिकारी संगठनों द्वारा इसका लगातार विरोध व आंदोलन कर सरकार से निजीकरण नहीं किए जाने की मांग की जा रही थी। सोलह और सत्रह सितंबर को विश्वकर्मा पूजा पर भिलाई इस्पात संयंत्र का दौरा करने आए केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी से भी मिलकर सेफी, बीएसपी ओए और एफएसएनएल कर्मचारी यूनियनों ने आरआईएनएल, नगरनार इस्पात संयंत्र और एफएसएनएल का निजीकरण न कर सेल में रणनीतिक विलय की मांग की थी। इस्पात मंत्री ने सभी को भरोसा दिलाया था कि किसी भी उद्योग का निजीकरण नही किया जाएगा। इसके बाद भी एफएसएनएल को निजी कंपनी को बेचे जाने से सभी हैरान है। यूनियनों के मुताबिक एफएसएनएल जैसी प्राफिटेबल कंपनी को जापान की बहुराष्ट्रीय कंपनी मेसर्स कोनोइक ट्रांसपोर्ट कंपनी को मात्र 230 करोड़ में बेचा गया है। जबकि एफएसएनएल प्रतिवर्ष 100 करोड़ लाभ कमाती है और अभी इस कंपनी के पास 175 करोड़ का एफडी और कैश बैलेंस है। 210 करोड़ से अधिक राशि सरकारी कस्टमर प्लांट से प्राप्त होना बाकी है। 150 करोड़ रुपए से अधिक की चल अचल संपत्ति इस कम्पनी के पास है तथा अगले दो वर्षो के लिए 1000 करोड़ रुपए का कॉन्ट्रैक्ट भी कंपनी के पास इससे सिर्फ अगले दो वर्षो में ही 300 करोड़ से अधिक का शुद्ध लाभ सरकार को होता ।फेरोस्क्रेप वर्कर्स यूनियन इंटक के अध्यक्ष अरुण कुमार सिसौदिया ने प्राइवेट कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए फेरो स्क्रैप जैसे बहुमूल्य कंपनी को जापान की मेसर्स कोनोइक ट्रांसपोर्ट कंपनी को मात्र 320 करोड़ रुपए में बेच दी गई। सरकार और प्राइवेट पार्टी की मिलीभगत को दर्शाता है।

### मेसर्स कोनोइक ट्रांसपोर्ट कंपनी ने खरीदा



### दो सौ करोड़ है कंपनी के असेट्स

यूनियन के मुताबिक एक ट्रांसपोर्ट कंपनी को इतनी बड़ी सरकारी कंपनी देना सरकार के बड़े भ्रष्टाचार को उजागर करता है। यह निविदा निजीकरण के लिए पूरी तरीके से प्रतीत होता है कि एक सूची समझी षड्यंत्र रणनीति बनाकर किया गया है। 2019 में जब इस कंपनी के निजीकरण का फैसला सरकार ने वापस ले लिया था तो इस तरह से फिर निजीकरण की निविदा बुलाना और टेंडर में एक जापानी कंपनी को देना एक बड़े भ्रष्टाचार की तरफ इशारा करता है। फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड कंपनी शुरु से प्राफिट में रही है। कंपनी का एक माह का सभी इस्पात संयंत्रों में 225 करोड़ का बिल भुगतान लेना बचा हुआ है। असेट्स जो है कंपनी के लगभग 200 करोड़ के हैं, जिसमें करा ने डोजर डंपर एक्सकैवेटर टिप्पर हाय वो और चौपाइयां वहां के साथ सभी इस्पात संयंत्रों में खुद की कार्यालय बिल्डिंग है। इसका हेड ऑफिस भिलाई में है, जिसकी कीमत खुद 50 करोड़ की बिल्डिंग की है। इस कंपनी के फिक्स्ड डिपाजिट में सौ करोड़ की राशि है और वर्तमान में कैश इन हैंड 36 करोड़ हैं।

### कर्मियों के हितों की रक्षा का दायित्व सेल भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन का

“ फेरो स्क्रैप में स्थाई कर्मचारी सभी प्लांट के मिलकर 396 है. जिसमें अधिकारी व कर्मचारी दोनों हैं ऐसी स्थिति में क्या परमानेंट कर्मचारियों को दूसरे सरकारी संस्थानों में शिफ्ट किया जाएगा। पांच वर्ष से काम की सेवा वालों को वर्ष अच्छी सेवा निवृत्ति निकाल कर उनके मॉनिटरी बेनिफिट को सुरक्षित किया जाएगा, जो की पूरी तरीके से सरकार की जिम्मेदारी है। फेरो स्क्रैप कंपनी का मुख्य नियोक्ता प्रिंसिपल एंपलॉयर से सेल भिलाई स्टील प्लांट है तो उनके कर्मचारियों के हितों की रक्षा की भी जिम्मेदारी सेल और स्टील प्लांट्स की है। 5 वर्ष से कम सेवा वाले व्यक्ति कर्मचारियों को ऐच्छिक सेवा निवृत्ति दें और 5 वर्ष से अधिक वाले 200 कर्मचारियों को अन्य सेल के संयंत्र में शिफ्ट कर उनका रोजगार सुनिश्चित करें।

**अरुण सिंह सिसोदिया,** अध्यक्ष फेरो स्क्रैप वर्कर्स यूनियन

### सभी यूनियनें पूरी एकजुटता से करें मजदूरों के हितों की रक्षा

“ भिलाई फेरो स्क्रैप निगम श्रमिक संघ के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह ने कहा कि कर्मचारी व उद्योग विरोधी कदम है। इससे कर्मियों व देश को नुकसान होगा, फायदा सिर्फ निजी कंपनी को होगा। बीएसपी सहित अन्य सार्वजनिक उपक्रमों को अब सस्ते दर पर अपना स्क्रैप इस निजी कंपनी को बेचने मजबूर होना पड़ेगा। केंद्र सरकार ने निजीकरण का कदम स्क्रैप माफियाओं के दबाव मे लिया है। सभी यूनियनों को एकजुटता से इसका विरोध किए जाने की जरुरत है। एफएसएनएल को बेचा जा रहा है तो फिर वर्षों से कार्यरत श्रमिकों के भविष्य को किसके सहारे छोड़ा जा रहा है ?

**गजेंद्र सिंह,** भिलाई फेरो स्क्रैप निगम श्रमिक संघ

# एम्स के ईडी और सीईओ ने किया भिलाई संयंत्र का दौरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स-रायपुर) के कार्यपालक निदेशक और सीईओ, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) अशोक जिंदल ने बीएसपी के राष्ट्रीय व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवा केंद्र (एनओएचएस) और संयंत्र का दौरा किया। बीएसपी का राष्ट्रीय व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवा केंद्र (एनओएचएस) सेल का एक नोडल व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवा केंद्र है। उन्होंने राष्ट्रीय व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवा केंद्र की विभिन्न गतिविधियों और कार्यों का अवलोकन किया। साथ ही सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल डां. जिंदल ने इस्पात निर्माण की प्रक्रिया का अवलोकन करने के लिए संयंत्र के अंदर विभिन्न स्थानों का दौरा किया और विभिन्न उत्पादन प्रणाली से अवगत हुए। भ्रमण के दौरान सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल डॉ अशोक जिंदल, सेल-बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता से भी मुलाकात कर चर्चा की। इस दौरान सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल (एम्स, रायपुर ) डां. लक्ष्मीकांत चौधरी भी सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल डां. अशोक जिंदल के साथ थे। उल्लेखनीय है कि सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल श्री अशोक जिंदल, जिन्होंने लगभग चार दशकों तक भारतीय सेना की सेवा की, देश के सबसे सम्मानित सैन्य डॉक्टरों में से एक हैं। सशस्त्र बलों में उनकी सराहनीय सेवा और असाधारण उपलब्धियों के लिए उन्हें परम विशिष्ट सेवा पदक (पीवीएसएम), अति विशिष्ट सेवा पदक (एवीएसएम) और युद्ध सेवा पदक (वाईएसएम) से सम्मानित किया गया है।

■ निर्माण की प्रक्रिया का किया अवलोकन

बीएसपी के राष्ट्रीय व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवा केंद्र पहुंचने पर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांयें) डॉ एम रविन्द्रनाथ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांयें) डॉ कौशलेंद्र ठाकुर, एसीएमओ (एनओएचएस प्रभारी-चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ आर राम तथा एमओ (कैसुअल्टी-चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ एस के ठाकुर ने उनका स्वागत किया। औपचारिक स्वागत के बाद डॉ अशोक जिंदल ने, डॉ एम रवींद्रनाथ और डॉ कौशलेंद्र ठाकुर के साथ व्यावसायिक स्वास्थ्य के जनक डॉ रामजिन्नी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।डॉ अशोक जिंदल ने एनओएचएससी के विभिन्न विभागों और अनुभागों का दौरा किया।

## स्वच्छ आचरण वाले व्यक्ति का जीवन विलासी हो सकता है पर ऐसे व्यक्ति का इतिहास कभी नहीं बनताः डॉ. पाराशर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पितृपक्ष के अवसर पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन वृंदावन धाम के कथावाचक डॉ. श्याम सुंदर पाराशर ने कहा स्वच्छ आचरण करने वाले व्यक्ति का जीवन वैभव और विलासिता पूर्ण हो सकता है पर ऐसे व्यक्ति का इतिहास कभी नहीं बनता। तुलसीदास, कबीर दास कि भले ही कोई फैक्ट्री ना हों लेकिन इन महापुरुषों का नाम आज भी लोग बड़े श्रद्धा से लिया करते हैं। हनुमान मंदिर सेक्टर 2 में आयोजित भागवत कथा में डां. पाराशर ने कहा कि हिंदुओं के मान बिंदुओं को समाप्त करने का लोगों ने लक्ष्य बना लिया है हमारे मानबिंदु गंगा, गाय गंगा को प्रदूषित किया जा रहा है। गौ माता की हत्या हो रही है और गौ माता सड़कों पर घूम रही है। जिस देश में गौ माता के दूध की नदियां बहती थी इस देश में आज गौ माता का रक्त बह रहा है। आज हम सनातनियों को गौ माता की रक्षा के लिए आगे जाकर कम से कम एक गौ माता की जिम्मेदारी उठानी होगी तभी गौ रक्षा संभव है। उन्होंने कहा कि हमारे हित और मान बिंदुओं की बात करें तो वह सांप्रदायिक हो जाता है अन्य चाहे जितने राष्ट्र विरोधी कार्य करें वह धर्मनिरपेक्षता का परिचायक है। महाराज ने कहा हमें देश हित में राष्ट्र विरोधी शक्तियों का मिलकर मुकाबला करना पड़ेगा आगे कथा में कहा आज हमें अपने बच्चों को सुंदर संस्कार देना चाहिए।

■ हनुमान मंदिर सेक्टर 2 में भागवत कथा सप्ताह का तीसरा दिन






## भिलाई निगम से दो अधिकारी जांच के दायरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई निगम में लंबे समय से पदस्थ अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा का स्थानांतरण बिलासपुर और सहायक अभियंता आलोक पसीने का धमतरी होने के बाद उनके कार्यकार्य की जांच होने जा रही है। केंद्र सरकार का अमृत मिशन का जो कार्य इनकी देखरेख में हुआ था उसमें अनेक शिकायतें कांग्रेस शासनकाल में हुई मगर फिर भी ये दोनों अधिकारी लगातार भिलाई निगम में जमे रहे। दोनों ही अधिकारी जहां इन दिनों अपने स्थानांतरण आदेश में संशोधन करवाने नेताओं और अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। वहीं वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख दोनों के भिलाई निगम में कार्यकाल की जांच करवाने की मांग कर दी है। श्री सेन ने कहा कि दोनों अभियंताओं की गतिविधियां वर्तमान राज्य सरकार के दिशा निर्देशों के विरूद्ध ही रही है, पूर्व में केंद्र सरकार की जनहित योजनाओं को लेकर दोनों ही अधिकारी मनमाने ढंग से आदेश के विरूद्ध ही कार्य करते रहे हैं, जिनकी जांच बहुत जरूरी है। नगर पालिक निगम भिलाई में पदस्थ संजय शर्मा (अधीक्षण अभियंता) का स्थानांतरण नगर पालिक निगम बिलासपुर व आलोक पसीने (सहायक अभियंता) का स्थानांतरण नगर पालिक निगम धमतरी में राज्य शासन द्वारा किया गया है। उक्त दोनों अभियंताओं की गतिविधियां वर्तमान राज्य सरकार व भाजपा संगठन के कार्यकर्ताओं के विरूद्ध रही हैं।

■ वैशाली नगर विधायक रिकेश ने सीएम को लिखा पत्र

# शासकीय पॉलीटेक्निक बेरला में हुआ अंतरिक्ष जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय पॉलीटेक्निक बेरला की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने छात्रों और समाज के बीच अंतरिक्ष जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक ब्लॉक-स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया। पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर बेरला में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और स्थानीय निवासियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पिंकी मनहर एसडीएम बेरला, शिव सिंह भदोरिया आईडीवाईएम एनजीओ संबद्ध भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो ने किया। उन्होंने अंतरिक्ष अन्वेषण और भारत की बढ़ती अंतरिक्ष क्षमताओं पर एक प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। अपने संबोधन में उन्होंने मानवता के भविष्य के लिए अंतरिक्ष अन्वेषण के महत्व पर प्रकाश डाला और यह भी बताया कि युवा मस्तिष्क कैसे भविष्य की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अंतरिक्ष अनुसंधान और शिक्षा के क्षेत्र से आए सुभाष देवांगन, प्रेम प्रकाश अन्य विशेषज्ञों ने भी अपने अनुभव और ज्ञान साझा किए। संवादात्मक सत्रों के दौरान छात्रों को अंतरिक्ष मिशन, उपग्रह और भविष्य के अंतरिक्ष अन्वेषणों के बारे में सवाल पूछने और चर्चा में भाग लेने का मौका मिला। कार्यक्रम के हिस्से के रूप में कई गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इसके तहत अंतरिक्ष से संबंधित विषयों पर आधारित मॉडल प्रदर्शनियाँ शामिल थीं। विभिन्न संस्थानों के छात्रों ने अंतरिक्ष यान, उपग्रह और अंतरिक्ष निवासों के नवाचारी मॉडल का अवलोकन किया।



**अंतरिक्ष संबंधी शोध कार्यों के लिए किया प्रेरित-** कार्यक्रम के समापन पर शासकीय पॉलीटेक्निक बेरला के प्राचार्य डॉ रमन मेहर ने युवाओं को अंतरिक्ष से संबंधित शोध कार्य करने और भारत की वैश्विक अंतरिक्ष समुदाय में बढ़ती प्रतिष्ठा में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शासकीय कन्या शाला बेरला, आत्मानंद स्कूल बेरला, नवीन कॉलेज बेरला, आईटीआई बेरला, पोलीटेक्निक संस्थानों के छात्रों ने मुख्य रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विकेश यादव, कुंदन कुमार साहू, रत्नेश मिश्रा तथा पुरुषोत्तम यादव व संस्था के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवकों हर्ष, साधना, अमन, शिवा, होमेंद्र, सुभाष, सुभद्रा का मुख्य योगदान रहा।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# जिले की 7 खंडपीठों में सुलझाए गए 19400 प्रकरण, 59 करोड़ 51 लाख के अवार्ड पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला न्यायालय बेमेतरा में 21 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें वृजेन्द्र कुमार शास्त्री, प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने लोक अदालत का शुभारंभ किया। लोक अदालत के दौरान जिला न्यायालय प्रांगण में जिले के कोने-कोने से पक्षकार पहुंचे, जिनकी सुविधा के लिए विधिक सहायता डेस्क, स्वचलित चिकित्सकीय वैन, स्वास्थ्य डेस्क व समस्त बैंक, विद्युत विभाग, फाइनेंस कंपनी द्वारा संचालित डेस्क, पक्षकारों के लिए निःशुल्क पौधा वितरण डेस्क लगाए गए थे। नेशनल लोक अदालत के लिए जिला न्यायालय में 6 खण्डपीठ और तहसील साजा न्यायालय में 1 खण्डपीठ इस प्रकार जिले में कुल 7 न्यायालयीन खण्डपीठ का गठन कर दो-दो सुलहकर्ता सदस्यों की नियुक्ति की गई। लोक अदालत के आयोजन में समस्त न्यायालीन कर्मचारी, पैरालीगल वालेंटियर्स, जिला प्रशासन, जिला एवं जनपद पंचायत, नगर पालिका, विद्युत विभाग, जिले की समस्त बैंकों सहित अन्य समस्त विभागों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ है। जिले में 22702 प्री-लिटिगेशन व लंबित प्रकरण निराकरण के लिए रखे गए। उनमें से 18489 राजस्व प्रकरण निराकरण कर 57.89 करोड़ राशि का अवार्ड पारित किया गया। वहीं, 30 विद्युत विवाद 05 बैंक प्रकरण व 14 बी.एस.एन.एल. प्रकरणों का निराकरण कर 7,66,275 राशि की वसूली की गई। न्यायालय में लंबित 80 अपराधिक प्रकरण, 09 सिविल प्रकरण, 21 पारिवारिक प्रकरण, 28 चेक बाउंस 10 मोटर दुर्घटना दावा व अन्य प्रकरण का निराकरण कर 2,89,76,623 राशि का अवार्ड पारित कर जिले में रिकॉर्ड अनुसार 19386 मामलों का निराकरण किया गया, जहां आपसी सहमति से सुनवाई के बाद पक्षकारों को बीमा, विद्युत व बैंक विवाद और अन्य प्रकरणों में कुल 59 करोड़ 51 लाख रूपए की मुआवजा राशि वितरित की गई।

## नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य 23 हजार प्रकरण आए





### सौतेली मां और बेटा हुए एक

न्यायाधीश अनिता कोशिमा रावटे की न्यायालय में पक्षकार अनुसूईया वर्मा व उसके पुत्र के साथ उसके सौतेले बेटे द्वारा गाली-गलौज व मारपीट का 4 वर्ष से लंबित प्रकरण में आपस में अपने-अपने मनमुटाव के कारण राजीनामा करने के लिए तैयार नहीं थे। परन्तु पीठासीन अधिकारी की समझाइश पर जहां पुत्र ने मां के पैर छूकर माफी मांग ली, वहीं मां ने भी पुत्र को माफ कर राजीनामा किया।

### भाभी और देवर के बीच समझौता

न्यायाधीश उमेश कुमार उपाध्याय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की न्यायालय में घटना थाना मारो का मामला है जिसमें आरोपी द्वारा अपनी भाभी के साथ मारपीट करने का प्रकरण दर्ज किया था। प्रार्थी आरोपी के साथ राजीनामा नहीं करना चाहती थी, लेकिन प्रार्थिया का पति अपने भाई और पत्नी के बीच के विवाद समाप्त कराना चाहता था। इस पर न्यायाधीश ने माता सीता एवं देवर लक्ष्मण का उदाहरण देकर आपसी रिश्ते का महत्व बताया। इस पर छोटे भाई ने अपनी गलती मानते हुए अपने बड़े भाई और भाभी से माफी मांगी।

### लघु फिल्मों का किया गया प्रदर्शन

जिला न्यायालय परिसर में उन्हें विधिक रूप से जागरूक करने के लिए प्रोजेक्टर के माध्यम से घरेलू हिंसा, लैंगिक अपराधों से संबंधित, महिलाओं से छेड़छाड़ व साईबर क्राईम, मोटर दुर्घटना सहित विभिन्न विषयों पर लघु फिल्म दिखाई गई। इसके साथ ही फलदार, छायादार पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ यश्वनी का चयन

**बालोद।** गुण्डरदेही विकासखंड अंतर्गत ग्राम चिचबोड़ निवासी यश्वनी मंडावी का चयन कूडो (कराते) खेल की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रतियोगिता गुजरात में आयोजित की जाएगी। यश्वनी मंडावी जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेता पुष्पेंद्र चंद्राकर से मिलने पहुंची। पुष्पेंद्र चंद्राकर ने अपनी शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही उन्होंने कूडो खिलाड़ी यश्वनी को आर्थिक सहायता भी प्रदान की। विदित हो कि यश्वनी पूर्व में विशाखापट्टनम में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी शामिल हो चुकी हैं, जहां उन्होंने स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया था। अब गुजरात में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लेने जाएंगी।

### जिले के 77 हितग्राहियों ने किया रामलला दर्शन



**डौंडीलोहारा।** रामलला दर्शन योजना (अयोध्या धाम) अंतर्गत जिला बालोद से 77 हितग्राहियों का जत्था श्री राम जन्मभूमि पहुंचा। वहां उन्होंने श्री रामलला के दर्शन किए। जत्थे का प्रतिनिधित्व कर रहे योगेन्द्र पाल सिन्हा, संजय सिन्हा, खिलावन ठाकुर, महेन्द्र बगमारिया ने 77 हितग्राहियों को बेहतर मार्गदर्शन प्रदान किया। श्री रामलला का दर्शन कराने के लिए सभी ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं पर्यटन विभाग का आभार जताया है।




**कार्यक्रम : 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे अभियान के तहत जगह-जगह हो रहे कार्यक्रम**

# स्वच्छता ही सेवा अभियान, सार्वजनिक क्षेत्रों के साथ धार्मिक परिसरों में भी की गई सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- पूर्व नपा अध्यक्ष सिन्हा की अगुवाई में शहर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस से भारतीय जनता पार्टी प्रतिवर्ष सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। बीते 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक शहर में स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहर में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा की अगुवाई में इस अभियान के तहत तालाबों की सफाई, बाजारों की सफाई, महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ सफाई, सफाई मित्रों का सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शनिवार को श्री सिन्हा के नेतृत्व में नगर पालिका उपाध्यक्ष पंचु साहू ,पार्षद नीतू कोठारी ,राजू देवांगन , दीना साहू ,कमलेश वर्मा ,नगर पालिका सीएमओ कोमल ठाकुर नपा अधिकारी कर्मचारीयों की मोजुदगी में शहर स्थित माता भद्रकाली ,राम मंदिर , गांधी चौक सहित अन्य सार्वजनिक ,धार्मिक परिसरों की साफ सफाई की गई।



### पीएम की पहल को देश ने अभियान बनाया : सिन्हा

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा स्वच्छता अभियान के दौरान कहा कि, एक दौर था जब हम देखते थे कि लोगों के घरों के आसपास कूड़े कचरे का ढेर लगा रहता था। लोग इस पर ध्यान भी नहीं देते थे। लेकिन 2014 में जब श्री मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में हमारे देश की बागडोर संभाली और उन्होंने स्वच्छता अभियान की शुरुआत की तो लोगों ने इसे हाथों-हाथ लेते हुए अपने दिनचर्या में डाला और स्वच्छता आज देश में अभियान बन गया है। श्री सिन्हा ने आमजनों से आह्वान करते हुए कहा कि वे इस अभियान में शामिल होकर अपनी महत्ती भूमिका निभाए ।



### राखी में मानव श्रृंखला बनाकर दिया गया स्वच्छता का संदेश

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला राखी में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत, ग्राम भ्रमण करते हुए बच्चों, एसएमसी अध्यक्ष और ग्रामीणों के साथ रैली निकाली गई। साथ ही गांव को स्वच्छ रखने के लिए गांव वालों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक गायत्री जोगी और दीपा मृचन्डे ने स्वच्छता से स्वास्थ्य को होने वाले फायदे के बारे में बच्चों के साथ ग्रामीणों को भी बताया । ग्राम पंचायत राखी और विद्यालय परिसर में सभी ने मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रधानपाठक गायत्री जोगी, दीपा मृचंन्डे, शिक्षिकाएं सरोज साहू, नीलम देवांगन, कमलेश्वरी साहू, प्रतीक्षा दुबे, बिंदिया अग्रवाल, किरण कुंजाम, गुलापा वर्मा, एसएमसी अध्यक्ष राकेश टंडन, सुनील साहू मुकेश दुलारी, दुरपति, पार्वती, सावित्री, रामेश्वरी आदि ग्रामवासी की सहभागिता रही।

# लालपुर स्कूल में हुई विविध प्रतियोगिताएं बच्चों ने निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला लालपुर में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम लालपुर के स्कूल प्रांगण, गली मोहल्ला में भ्रमण कर चौराहों, जैतखाम स्थल की सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया गया। इसके साथ ही स्वच्छता संबंधी नारे लगाते हुए रैली निकाली गई। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत शनिवार को विविध प्रतियोगिताओं के विजेताओं को शैक्षणिक सामग्री प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। प्रधान पाठक बृजपाल सिंह डाहिरे ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 17 सितम्बर से 02अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को शाला में निबंध, नारा लेखन, चित्रकला, हाथ धुलाई, स्वच्छता जागरूकता रैली इत्यादि गतिविधियों का आयोजन किया गया, इसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रथम स्थान उमेंद कुमार चेलक द्वितीय चंद्र प्रकाश टंडन, तृतीय स्थान ढालेन्द्र कुमार कुर्रे रहे। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान पर रहे विजेताओं को सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण में संकुल समन्वयक सतीश कुमार कुर्रे, प्रधान पाठक रामायण मनहरे, बृजपाल सिंह डाहिरे, शिक्षक मोतीराम पात्रे, घनश्याम प्रसाद साहू, शांत कुमार पटेल व बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिए।





### सिंघौरी में शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने की परिसर की सफाई

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत बस्ता मुक्त दिवस के दिन पोषण वर्मा (अध्यक्ष) शाला प्रबंधन एवं विकास समिति सिंघौरी तथा उनके सहयोगी साथियों द्वारा स्कूल परिसर एवं स्कूल के आसपास क्षेत्र की साफ सफाई की गई। श्री वर्मा ने बताया कि हमारी एक समाज सेवा संस्था चलता है, जिसका मुख्य उद्देश्य जानवरों की सेवा करना एवं पर्यावरण की साफ-सफाई कर उसे संरक्षित करना है। इस दौरान शाला में संस्था प्रमुख मीनाक्षी शर्मा, रामगोपाल चंद्राकर प्र प्राचार्य शशिकला यादव प्रधान पाठक सहित सरस्वती साहू, राजेश्वरी ठाकुर, आगेश्वरी साहू,देवेंद्र साहू,नुतेश्वर चंद्राकर, प्रशांत बघेल, पूनम साहू संकुल समन्वयक एवं अमरीका पांडेय उपस्थित रहे।

### स्वच्छता स्वस्थ व सुंदर जीवन का आधार, हमारे आसपास को साफ रखना हम सबकी जिम्मेदारी

**जामगांव आर।** ग्राम बटरेल (शक्ति केंद्र बटरेल) में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। सह संयोजक अध्यक्ष किसान मोर्चा दक्षिण पाटन कमलेश साहू एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बटरेल प्रांगण एवं बाजार चौक बटरेल की साफ सफाई की। इस अवसर पर कमलेश साहू ने कहा कि स्वच्छता सुंदर जीवन का आधार है। स्वच्छता से ही शरीर में अच्छी सेहत और अच्छे विचारों का समागम होता है। उन्होंने कहा कि अपने मोहल्ले गांव और राष्ट्र को स्वच्छ बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर कमलेश साहू, सरपंच बटरेल अभयराम ठाकुर, रामकुमार निर्मलकर, कमलेश यादव, सूरज निर्मलकर, अनेश्वर साहू, कौशल सपहा, पप्पू चंद्राकर, खिल्लू साहू ने स्वच्छता अभियान में सराहनीय भूमिका निभाई।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आत्मानंद स्कूल में हुए कार्यक्रम

**दल्लीराजहरा।** स्वच्छ भारत मिशन शहरी के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा के तत्वावधान में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नया बाजार राजहरा में 20 सितंबर को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत सेजस नया बाजार राजहरा में स्वच्छता संबंधित विषयों पर निबंध, चित्रकला, स्लोगन, कविता, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिताओं का आयोजन हायर, मिडिल व प्राइमरी तीनों विंग में अलग-अलग किया गया।

